मृदुल पत्रिका समाचार पत्र को समस्त ज़िलों एवं तहसील-कस्बों में संवाददाताओं की आवश्यकता है। सम्पर्क सूत्र 9828888853

दैनिक
मृदुल पत्रिका

राजस्थान, दिल्ली, उत्तरप्रदेश एवं हरियाणा से प्रकाशित

हमारे यहां किताबों व समाचार पत्रों की प्रिन्टिंग की जाती है सम्पर्क सूत्र 9571039307 (भरत प्रिंटर्स एण्ड सैल्स कॉपरेशन)

पृष्ठ 8 वर्ष: 15 मूल्य 2.00 रु. अंक 51 | जयपुर, शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 | RNI/RAJHIN/2008/27048 | dainikmridulpatrika@gmail.com | 9413193990

सीरी में सीएसआईआर के 82वें स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

सीएसआईआर की स्थापना का निर्णय दूरदर्शीः शर्मा

बदलती राष्ट्रीय चुनौतियों के अनुरूप सीएसआईआर के वैज्ञानिक योगदान हेतु तत्परः डॉ पीसी पंचारिया

पिलानी (बाबूलाल घोघलिया/ मृदुल पत्रिका)। सीएसआईआर- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान पिलानी में 29 सितंबर को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) का 82वाँ स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया । राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद, जयपुर के सीईओ श्री पी आर शर्मा समारोह के मुख्य अतिथि थे। सीएसआईआर-सीरी के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक एस रघुनाथ एवं पी वी एल रेड्डी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। विगत एक वर्ष के दौरान संस्थान से सेवानिवृत्त हुए 12 सहकर्मियों तथा परिषद में 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संस्थान के 06 सहकर्मियो को उनकी समर्पित सेवा के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 12 में विज्ञान विषयों में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले तथा आईआईटी और आईआईएम में प्रवेश लेने वाले सीरी कार्मिकों के बच्चों सहित सीएसआईआर निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वर्तमान एवं पूर्व सहकर्मियों सहित सीरी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या श्रीमती बी राशेल एवं मीडियाकर्मियों सहित पिलानी के गणमान्यजन उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि पी एल शर्मा ने सीरी सहित सीएसआईआर के सभी वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को बधाई दी। उन्होंने आजादी से पूर्व ही सीएसआईआर जैसे अनुसंधान संगठन की स्थापना के दूरदर्शी विचार एवं उसे मूर्तरूप देने के लिए देश के नीति नियंताओं को नमन किया। उन्होंने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की जनशक्ति और संसाधनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उपलब्ध संसाधनों के अनुकूलतम उपयोग द्वारा उत्पादन और गुणवत्ता के लक्ष्य प्राप्त करने होंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में मेरा मानना है कि केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकारों के विभागों के साथ भी सीएसआईआर जैसे जीवंत संगठन और उसकी राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं का तालमेल अनिवार्य है। उन्होंने डॉ पंचारिया के इस दिशा में प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

विशिष्ट अतिथि पी वी एल रेड्डी एवं एस रघुनाथ ने संस्थान में बिताए सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि हमने सीएसआईआर जैसे प्रतिष्ठित अनुसंधान संगठन में इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान को समर्पित देश की अग्रणी राष्ट्रीय प्रयोगशाला 'सीरी' को सेवाएं दीं। उन्होंने सेवा सम्मान प्राप्त करने वाले सहकर्मियों सहित सीरी परिवार के सभी पूर्व व वर्तमान सहकर्मियों व अतिथियों को सीएसआईआर स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। इससे पूर्व संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने सभी अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया और सभी अतिथियों, वर्तमान व पूर्व सहकर्मियों को 82वें सीएसआईआर स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने परिषद प्रयोगशालाओं के प्रमुख शोध कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर ने सदैव देश की वर्तमान स्थिति एवं आवश्यकताओं के अनुरूप अपने अनुसंधान और विकास कार्यों से देश एवं उसके नागरिकों की सेवा की है। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप हमारी प्रयोगशालाएं भी स्वयं को बदल रही हैं और सदैव देश की सेवा के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएसआईआर की अनुसंधान प्रयोगशालाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध कार्यों से पूरे देश को लाभान्वित कर रही है। समारोह का संचालन वैज्ञानिकों डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा एवं मनिंदर कौर ने किया। उन्होंने उपस्थित सहकर्मियों एवं अन्य आमंत्रित अतिथियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का औपचारिक परिचय भी दिया।संस्थान के डॉ सुचंदन पाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।